संख्या-65 /2026/I/ 1516003/2026/11-4002(001)/1/2023

प्रेषक,

अरविन्द सिंह,
उप सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
राज्य कर
उ0प्र0 लखनऊ।

राज्य कर अनुभाग-4 **लखनऊः दिनांक 05 नवम्बर, 2026**

विषयः-जी0एस0टी0 व्यवस्था के सुचारू रूप से क्रियान्यवयन/संचालन हेतु विभागीय कार्यात्मक आवश्यकता के दृष्टिगत 01 वर्ष की अवधि के लिए राज्य कर मुख्यालय स्तर पर 43 तकनीकी मैनपावर की सेवायें आउटसोर्स पर प्राप्त किये जाने हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-आई0टी0-तकनिकी जनशक्ति का चयन/2026-27/2749/राज्य कर, दिनांक 21.10.2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जी0एस0टी0 व्यवस्था के सुचारू रूप से क्रियान्यवयन/संचालन हेतु विभागीय कार्यात्मक आवश्यकता के दृष्टिगत 01 वर्ष की अवधि के लिए राज्य कर मुख्यालय स्तर पर 43 तकनीकी मैनपावर की सेवायें आउटसोर्स पर प्राप्त किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर अंतिम रूप से चयनित एल-1 फर्म सर्वश्री STAQO SOFTWARE PRIVATE LTD, NOIDA, U.P. द्वारा अंकित दर रु0 2,58,00,393.84 (Inclusive of all taxes) (दो करोड़ अट्ठावन लाख तीन सौ तिरानबे रूपये चौरासी पैसे मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है-

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जी0एस0टी0 व्यवस्था के सुचारू रूप से क्रियान्यवयन/संचालन हेतु विभागीय कार्यात्मक आवश्यकता के दृष्टिगत 01 वर्ष की अवधि के लिए राज्य कर मुख्यालय स्तर पर निम्नलिखित तालिका के अनुसार 43 तकनीकी मैनपावर की सेवायें आउटसोर्स पर प्राप्त किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर अंतिम रूप से चयनित एल-1 फर्म सर्वश्री STAQO SOFTWARE PRIVATE LTD, NOIDA, U.P. द्वारा अंकित दर **रु0 2,58,00,393.84 (Inclusive of all taxes) (दो करोड़ अट्ठावन लाख तीन सौ तिरानबे रूपये चौरासी पैसे मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों व प्रतिबंधों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

Sr.	**Role**	**Proposed Post**
1	Technical Manager	01 (HQs)
2	Solution Architect	01 (HQs)

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3	Data Engineers	22 (2 HQs+ 20 Field)
4	Visualization Expert	02 (HQs)
5	Database Administrator	01 (HQs)
6	API Developer	02 (HQs)
7	Full Stack Developer	02 (HQs)
8	Front end Developer	02 (HQs)
9	Backend Developer	01 (HQs)
10	DevOps	01 (HQs)
11	Security Expert	01 (HQs)
12	Lead Network Administrator	01 (HQs)
13	Network Administrator	01 (HQs)
14	Technical Support Engineer (at HQ Level)	05 (HQs)
Total		43

नियम व शर्तों/प्रतिबन्धों-

1. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026 दिनांक 28.03.2026 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों तथा प्रकरण से सम्बंधित समस्त शासनादेशों एवं सुसंगत नियमों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय उन्हीं कार्यो/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य कार्यो/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।

3. धनराशि का आहरण राजकोष से तात्कालिक आवश्यकता होने पर ही किया जायेगा और धनराशि आहरित करके अनावश्यक रूप से धनराशि बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी।

4. टेन्डर की शर्तों के अनुरूप तकनीकी मैनपावर सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने का दायित्व आयुक्त, राज्य कर, उ0प्र0 लखनऊ का होगा।

3- उक्त कार्य पर होने वाला व्यय, आय-व्ययक की अनुदान संख्या-89 के अन्तर्गत राजस्व लेखाशीर्षक 2040-बिक्री, व्यापार आदि पर कर-800-अन्य व्यय-09-जी0एस0टी0एन0 से सम्बन्धित व्यय के मानक मद 58-आउट सोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026 दिनांक 28.03.2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

अरविन्द सिंह
उप सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या व दिनांक, उपर्युक्तानुसार।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज ।
3. निदेशक, वित्तीय सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. एडीशनल कमिश्नर (लेखा), राज्य कर, उ0प्र0, लखनऊ।
5. मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9, उ0प्र0 शासन।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

अरविन्द सिंह

उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।